**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**06.06.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश के युवा गतिशीलता, नवाचार और दृढ़ इच्छा शक्ति के प्रतीक।
2. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे–कल नौणी विश्वविद्यालय में संवाद कार्यक्रम को करेंगे संबोधित।
3. लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–सरकार रोजगार गारंटी को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प।
4 आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्यव्यापी मैगा मॉक ड्रिल के माध्यम से जांची भूकंप से निपटने की तैयारियां।

**अब समाचार विस्तार से.**

**प्रधानमंत्री युवा शक्ति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आज कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के 11वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ़ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में युवा सशक्तिकरण पर केन्द्रित नीति और कार्यक्रम में एक निर्णायक परिवर्तन भी हुआ है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि युवा विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

**उपराष्ट्रपति दौरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंचे। शिमला पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मिनिस्टर–इन वेटिंग व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, जीओसी–इन–सी आरट्रेक लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, विधायक नीरज नैयर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

उप–राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर प्रदेशवासियों की ओर से उप–राष्ट्रपति को हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उप–राष्ट्रपति हिमाचल प्रवास के दौरान राजभवन में ठहरेंगे। बाद में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजभवन में पहुंचकर उप–राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उप–राष्ट्रपति को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते पारंपरिक हस्त निर्मित उत्पाद भी भेंट किए और राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ संवाद करेंगे। पराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया है। प्रदेश कौशल विकास निगम के निदेशक मंडल की आज शिमला में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने निगम को बाजारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार करने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की क्षमता और रोजगार योग्यता बढ़ाना सभी योजनाओं का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवनी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। जगत सिंह नेगी आज किन्नौर के कल्पा विकास खंड की सापनी पंचायत में स्थित पीरी किला के जीर्णोंदार कार्य के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी एतिहासिक धरोहरों के रखरखाव और जीर्णोंदार का कार्य पूरी निष्ठा के साथ कर रही है।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने कहा है कि जीआईएस प्रौद्योगिकी का हिम कृषि योजना में एकीकरण सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। चंद्र कुमार आज पालमपुर में हिम कृषि योजना के तहत क्लस्टर मैपिंग व कार्य योजना तैयार करने के लिए जीआईएस के अनुप्रयोग पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि कांगड़ा जिला में कृषि योजना के तहत पायलट आधार पर चयनित तीस क्लस्टरों में जीआईएस के उपयोग से रिसोर्स मैपिंग कर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कश्मीर तक रेल पहुंचाने के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि देश का अभूतपूर्व विकास ही मोदी की गारंटी है।

जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राज्य के लोगों की सुविधाएं छीनने और उन पर हर रोज कोई न कोई टैक्स लगाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुख की सरकार का दावा करते–करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शुल्क की सरकार के मुखिया बन गए हैं। उन्होंने पीएमजीएसवाई में हिमाचल को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपनी दस चुनावी गांरटियों में से रोजगार गारंटी को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। इस उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र में लगभग 20 हजार पद भरने की प्रक्रिया जारी है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की डुढालटी पंचायत के बनूटी में आयोजित एक दिवसीय रोजागार मेले के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त करना और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना प्रदेश सरकार की जिम्मेवारी है।

## सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। सुरेश कश्यप आज शिमला में केंद्रीय योजनाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हिमाचल के लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सड़कें इसी योजना के तहत बन रही हैं।

## मॉकड्रिल

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज राज्यव्यापी भूकंप मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का जायजा लेने पहुंचे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सलाहाकार सेवानिवृत मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा में सबसे पहले आम लोगों को कार्य शुरू करना होता है और उसके बाद ही दमकल व आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचती हैं। ऐसे में लोगों का जागरूक होना सबसे जरूरी है। इसी मकसद से आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों को जांचा गया ताकि कमियों को दूर किया जा सके।

मॉकड्रिल के लिए प्रदेश के सभी 12 जिलों में उपमंडल स्तर तक भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा को लेकर परिदृश्य बनाया गया और सभी संबंधित विभागों ने इस अभ्यास में सक्रिय तौर पर भाग लिया। यह मैगा मॉक ड्रिल प्रदेश में आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

## अध्यापक संघ

राजकीय अध्यापक संघ ने शिक्षकों की लम्बित देनदारियों को जल्द जारी करने की प्रदेश सरकार से मांग की है। संघ के अध्यक्ष नरोतम वर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि शिक्षकों को महंगाई भत्ते का एरियर वर्ष 2016 से अब तक नहीं मिला है।

ये ही नहीं छठे वेतन आयोग की सिफारिशों का एरियर भी लम्बित है। उन्होंने कहा कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर अध्यापकों की सभी लम्बित मांगों को जल्द पूरा करने और उनसे गैर शिक्षकीय काय्र लेना बंद करने की मांग करेगा।

संघ ने धरने पर बैठे प्राथमिक शिक्षकों की मांगों का भी समर्थन किया है और सरकार से इन मांगों का जल्द हल निकालने का आग्रह किया है।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर सात और आठ जून को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा करेंगे। अनुराग ठाकुर सात जून को सुबह 10 से 12 बजे तक कांगड़ा जिला के देहरा में जनसमस्याएं सुनेंग। अनुराग ठाकुर दोपहर बाद नादौन में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। आठ जून को पूर्व केंद्रीय मंत्री हमीरपुर में जनसंपर्क करेंगे और दोपहर बाद ऊना में जिला भाजपा कार्यालय में 11 साल मोदी सरकार विषय पर एक कार्यशाला में हिस्सा लेंगे। अनुराग

## '' मुख्य समाचार एक बार फिर''

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश के युवा गतिशीलता, नवाचार और दृढ़ इच्छा शक्ति के प्रतीक।
2. उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे–कल नौणी विश्वविद्यालय में संवाद कार्यक्रम को करेंगे संबोधित।
3. लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–सरकार रोजगार गारंटी को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प।
4 आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्यव्यापी मैगा मॉक ड्रिल के माध्यम से जांची भूकंप से निपटने की तैयारियां।